**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**28.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव की घोषणा– तीन चरणों में होगा मतदान– आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रवास के तहत कल अटल टनल रोहतांग का करेंगी दौरा– सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध।
- प्रदेश भाजपा ने नगर निगम चुनाव को लेकर शिमला में किया मंथन– चुनाव में कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों को बनाएगी मुद्दा।
- एच.आर.टी.सी. चालक यूनियन अपनी मांगों को लेकर प्रबंधन को सौंपेगी मांग पत्र।

**और**

- राजधानी शिमला में हल्की वर्षा से लोगों को गर्मी से मिली राहत– प्रदेश के मैदानी इलाकों में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी।

-----------

**पंचायत चुनाव**

राज्य चुनाव आयोग ने प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव की आज घोषणा कर दी है और इसके साथ ही प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहित लागू हो गई है। राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने आज शिमला में चुनाव कार्यक्रम जारी करते हुए बताया कि प्रदेश की 3 हज़ार 7 सौ 54 पंचायतों में 26, 28 और 30 मई को तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस बार पंचायत चुनाव में 50 लाख 79 हज़ार 48 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

अनिल खाची ने कहा कि इन चुनावों के लिए 7, 8 और 11 मई को नामांकन दाखिल होंगे जबकि 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उन्होंने बताया कि 14 व 15 मई को नामांकन वापिस लिए जा सकते हैं। राज्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि पंचायत प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के मतों की गिनती मतदान पूरा होने के बाद उसी दिन पंचायत मुख्यालय में होगी, जबकि पंचायत समिति व ज़िला परिषद सदस्यों के मतों की गणना 31 मई को होगी। उन्होंने बताया कि कुल 31 हज़ार एक सौ 82 पदों के लिए चुनाव करवाया जाएगा जिसमें से 15 हज़ार 6 सौ 56 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। अनिल खाची ने बताया कि कुल्लू ज़िला की 4 पंचायतों में चुनाव नहीं होंगे जबकि अन्य सभी पंचायतों में चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि सभी ज़िला निर्वाचन अधिकारियों को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इन दिनों हिमाचल प्रदेश के पाँच दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रवास पर हैं। वे छराबड़ा स्थित सरकारी आवास रिट्रीट में ठहरी हैं। राष्ट्रपति के सम्मान में लोक भवन शिमला में आज

रात्रिभोज का आयोजन किया गया है। राष्ट्रपति का कल अटल टनल रोहतांग का दौरा करने का कार्यक्रम है और बी.आर.ओ. के अधिकारियों से सुरंग की जानकारी हासिल करेंगी। उनके दौरे को लेकर कुल्लू व लाहौल स्पिति जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए हैं। 29 अप्रैल को सुबह 7 बजे से दोपहर एक बजे तक अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से सिस्सू तक का पूरा मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान सभी प्रकार के वाहनों और पैदल आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी कभी भी प्रत्याशियों का ऐलान कर सकती है। कांगड़ा दौरे के दौरान आज धर्मशाला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन में युवा चेहरों को तवज्जो दी जाएगी और पार्टी कार्यकर्ताओं को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

इस बीच, प्रदेश संगठन महामंत्री विनोद ज़िंटा ने बताया है कि नगर निगम धर्मशाला के 8 वार्डों और नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर 11 में चुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है।

**भाजपा बैठक**

प्रदेश भाजपा की एक बैठक पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में आज शिमला में आयोजित की गई। इस दौरान नगर निगम चुनावों को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा और सहप्रभारी संजय टंडन सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में मण्डी, सोलन, पालमपुर और धर्मशाला चार नगर निगम चुनाव के दृष्टिगत पार्टी नेताओं ने स्थानीय मुद्दों, संगठनात्मक मज़बूती और जन संपर्क को केन्द्र में रखते हुए चुनावी खाका तैयार किया। राजीव बिंदल ने कहा कि नगर निगमों में चुनाव पार्टी सिंबल पर होने जा रहे हैं, ऐसे में भाजपा पूरी ताकत के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों को जनता के बीच ले जाकर उनका पर्दा फाश करेगी। बिंदल ने विश्वास जताया कि भाजपा की रणनीति और संगठनात्मक एकजुटता कांग्रेस को करारी शिकस्त देते हुए चारों नगर निगमों में अपना परचम लहराएगी।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि सुक्खू सरकार पैंशनरों सहित अन्य वर्गों को परेशान करने का काम कर रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि अप्रैल महीने की 28 तारीख तक भी राज्य पथ परिवहन निगम के पैंशनरों को पैंशन नहीं दी गई है। इसके अलावा पैंशनरों को 3 साल से ज़्यादा समय के मैडिकल बिल का भुगतान भी नहीं हुआ है। जयराम ठाकुर ने कमला नेहरू अस्पताल से गायनी विभाग को आई.जी.एम.सी. शिफ्ट करने के फैसले को मुख्यमंत्री की राजनीतिक ज़िद्द और विवेकहीनता का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से सैंकड़ों महिलाओं को रोज़ाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## बैठक

राज्य पथ परिवहन निगम चालक यूनियन की त्रैमासिक बैठक आज धर्मशाला में आयोजित की गई। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में निगम के चालकों की समस्याओं पर मंथन किया गया। उन्होंने बताया कि चालकों के ओवर टाइम नाइट, एरियर और भर्ती के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यूनियन ने निर्णय लिया है कि निगम में चालकों की भर्ती, बसों की खराब हालत और स्पेयर पाट्र्स व मैकेनिकों की कमी जैसी मांगों को लेकर इसी महीने प्रबंधन को एक मांग पत्र दिया जाएगा।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के कुछ अन्य क्षेत्रों में आज हल्की वर्षा होने से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है जबकि निचले मैदानी इलाकों में अभी भी लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। ऊना ज़िला में आज सबसे अधिक तापमान 32 दशमलव 6 जबकि राजधानी शिमला में 18 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने आगामी 24 घंटों के दौरान प्रदेश के किन्नौर व लाहौल–स्पीति ज़िलों में आंधी व तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है जबकि मैदानी व मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई है।

## सड़क निर्माण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सोलन–शलुमना वाया बसाल सड़क मार्ग को पिछले एक वर्ष से चौड़ा करने का कार्य किया जा रहा है। स्थानीय निवासी व जिला शिकायत निवारण समिति के सदस्य विद्यादत्त ने बताया कि सड़क को चौड़ा करने का कार्य किया जा रहा है लेकिन सड़क की टारिंग एक दिन के बाद ही उखड़ने लगी है। उन्होंने सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए सरकार से उचित जांच की मांग की है। लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में अनियमितताएं बरती जा रही हैं और पुलियों व नालियों की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

----------